
# विजयादशमी पर रामलीला में हुआ भगवान राम का राज्याभिषेक



नवभारत न्यूज

**गुना 3 अक्टू. का। सार्वजनिक रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी के तत्वाधान में आयोजित रामलीला के मंचन में विजयादशमी पर दर्शकों ने भगवान राम का राज्याभिषेक और रावण वध का दृश्य बड़े उत्साह के साथ देखा। रामलीला का प्रारंभ राम-रावण सेना के चल समारोह से हुआ, जो जाट मोहल्ला, जयस्तम चौराहा, सादर बाजार, हाट रोड, हनुमान चौराहा होते हुए दशहरा मैदान पहुँचा।**

दशहरा मैदान पर मुख्य अतिथियों गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसपी अंकित सोनी सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि ने भगवान राम की आरती की। इसके पश्चात राम-रावण संवाद का मंचन हुआ, जिसके बाद रावण का दहन किया गया। पुरानी गल्ला मंडी के रामलीला मंच पर राम और रावण के युद्ध का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया।

मंच पर रामराज्याभिषेक का दृश्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। भरत ने अयोध्या का राज्य नंदीग्राम में ही राम को सौंप दिया और राजमहल पहुँचकर मुनि वशिष्ठ ने बताया कि कल सुबह राम का राज्याभिषेक होगा। शत्रुघ्न ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली थीं। नगर दीपों से जगमगा उठा

## दशहरा मैदान पर रावण दहन

और उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक जय श्री राम के नारों के साथ इस अवसर का आनंद लिया।

रामलीला के आयोजन में संयोजक गोविंद सोनी, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल कुशवाहा, सचिव विजय पटेरिया, कोषाध्यक्ष अतिवीर जैन और मीडिया प्रभारी योगेश लोधा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कला निर्देशक पुरुषोत्तम धाकड़ और कला संरक्षक पर्वत सिंह चौहान ने मंचन की गुणवत्ता सुनिश्चित की। महावीर जैन के निर्देशन में कलाकारों—अरुण रघुवंशी, हरवीर धाकड़, दिनेश सेन, रघुवीर ओझा, घनश्याम रघुवंशी, रमेश जैन, राजीव शर्मा, मोनू जोगी, कृष्ण गोपाल धाकड़, कुलदीप भार्गव, वैभव भार्गव, मनीश ब्रह्मभट्ट, रवि केवट, राम सिंह धाकड़, चिरोंजी लाल लोधा, सुल्तान यादव, ओम यादव, मनोज रघुवंशी, मुनमुन चौहान ने भव्य प्रस्तुति दी। मंच संचालन दामोदर प्रसाद शर्मा, व्यास गदी पर शंभू दयाल शर्मा, ढोलक पर सुनील शर्मा, पुजारी अतुल शर्मा, अनिल भार्गव, अरविंद जैन और चम्पालाल कुशवाहा अन्य सहयोगी रहे।

# रावण दहन के साथ राम रावण का भव्य युद्ध और अहंकार का नाश



**कुंभराज।** नगर परिषद कुंभराज द्वारा विजयादशमी पर्व के अवसर पर भव्य 51 फीट रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार की शाम नगर के दशहरा मैदान पर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायकप्रियंका पेंची और नगर अध्यक्ष श्रीमती शारदा देवी साहू ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य रामदरबार शोभायात्रा से हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से हनुमान अखाड़ों के साथ निकाली गई और यह नगरवासियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी। नगरवासियों में शोभायात्रा और रावण दहन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। दशहरा मैदान पर आयोजित रावण दहन में आतिशबाज़ी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शामिल थीं, जिसने पूरे कार्यक्रम को और भी मनोहारी बना दिया। सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नगर परिषद के सीएमओ अशोक पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया।



# गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

नवभारत न्यूज

**कुंभराज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती गुरुवार को कुंभराज में कांग्रेस के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों और सिद्धांतों को याद करते हुए वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य पर चर्चा की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता सबसे पहले गायत्री मंदिर पहुंचे, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम मीणा, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामदास गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामदास राजपूत, पूर्व जनपद अध्यक्ष मर्दन सिंह मीणा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनोद शर्मा, गोविंद मीणा, कालू मीणा ऊपरी, विमल जैन, रमेश मीना, श्रीकांत मीणा, आसाराम राव, पूर्व सरपंच महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश मीणा, ब्रजमोहन मीणा, नारायण सिंह मीणा, अंकित जैन, राधे सैनी, मनोज राणा, विष्णु मीणा और कृष्ण गोपाल शर्मा सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री का आरोन में स्वागत, समस्याओं से कराया अवगत



**आरोन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन के कार्यकर्ताओं ने नगर आगमन पर मध्य प्रदेश शासन के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का भव्य स्वागत किया। स्वागत के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मंत्री को नगर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और उनके शीघ्र निराकरण के लिए आश्वासन प्राप्त किया। प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का स्वागत करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा देवेंद्र सिंह रघुवंशी, उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह राजावत, तोलाराम सिलावट, हीरालाल बुनकर, नीलम धाकड़, रविंद्र धाकड़, सचिन सप्रे, श्रवण कुमार जैन, हेमराज धाकड़, देवेंद्र शर्मा, माखन नायक, बाला प्रजापति, शेखर सुमन, सौरभ श्रीवास्तव, गोलू यादव, रवि शंकर सेन, गौरव यादव आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने नगर की जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों और नागरिक समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि वे जनता की सेवा एवं नगर के विकास में लगातार सक्रिय रहें।

# टेकरी रोड पर किशोर से मारपीट, धमकी का आरोप

**गुना।** सिटी कोतवाली क्षेत्र में टेकरी रोड पर गत रात को 13 वर्षीय समर बाल्मीक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया। समर ने बताया कि वह दोस्त शिवा के साथ जैन साहब की दुकान के पास खड़ा था तभी भोला कोरी आया और पुरानी रंजिश के चलते गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने डंडे से हमला कर समर के सिर और बाएँ हाथ में चोटें पहुंचाई, जिससे खून निकलने लगा। मौके पर प्रिंस बाल्मीक और शिवा बाल्मीक ने बीच बचाव किया। धमकी देते हुए कहा कि आगे मिलेंगे तो जान ले लेगा।

# हनुमान रामलीला मंडल की रामलीला मंडी परिसर में आज से प्रारंभ



**कुंभराज।** श्री हनुमान रामलीला मंडल के तत्वाधान में रामलीला का भव्य मंचन आज से कृषि उपज मंडल परिसर में शुरू हो रहा है। इस वर्ष मंडल ने रामलीला को कुछ अलग अंदाज में प्रस्तुत करने की योजना बनाई है, जिसमें कलाकारों द्वारा पारंपरिक शैली के साथ नवाचार भी दिखाया जाएगा। हनुमान रामलीला मंडल ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का लाभ उठाएँ। रामलीला के शुभारंभ से पूर्व विजयदशमी के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ सभी कलाकारों और सहयोगियों के साथ किया गया। अगले दिन गोपाल मंदिर स्थित हनुमान जी के नाम का झंडा सदर बाजार होते हुए रामलीला मंच पर लाकर स्थापित किया जाएगा। लगभग 100 साल पुरानी इस लीला परंपरा को जारी रखते हुए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। रामलीला के प्रमुख पात्रों में राम के रूप में बंटी शर्मा, लक्ष्मण मनीष वशिष्ठ, नारद बैजनाथ धाकड़, रावण लक्ष्मण सिंह गुर्जर, मेघनाथ विष्णु सोनी, कुंभकरण रितेश साहू, हनुमान रामपाल सिंह चौहान, परशुराम प्रशांत अग्रवाल, सीता राधेश्याम मीणा आदि शामिल हैं, जो अपनी अभिनय कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके अतिरिक्त दिलीप सिंह राजपूत, महेंद्र नामदेव, अंकित साहू, रमेश मीणा, धर्मेंद्र सेन, गोपाल सेन, नरेश बैरागी, मनीष साहू, गजेंद्र शिवहरे जैसे कलाकार लीला में चार चांद लगाएंगे। बीच-बीच में दर्शकों को ज्ञानवचन भी सुनाए जाएंगे। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर बिहानी और पशु चिकित्सालय सेवा निर्मित डॉक्टर गोविंद नारायण शर्मा कवि की भूमिका में उपस्थित रहेंगे, जबकि अरुण पाराशर रामायण पाठ का वाचन करेंगे।

# जामनेर पुलिस ने तीन तस्करों से पकड़ी 125 लीटर अवैध शराब



नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले की जामनेर थाना पुलिस ने अलग-अलग जगहों से अवैध कच्ची शराब के 03 तस्कर गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों से हाथ भट्टी की 125 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त दो मोटर सायकिलें जप्त की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रोज जिले के जामनेर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जामनेर से मोरवास गांव के कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति अपनी अपाचे मोटर सायकिल क्रमांक रूक्क08 'क्क 4171 पर प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनों में कच्ची शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में खड़ा हुआ है । थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्रय की सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम कार्यवाही हेतु रवाना हुई एवं बिना कोई देरी किए तुरंत मोरवास गांव के रास्ते पर मुखबिर की बताई जगह पर पहुंचकर संदेही को तलाश किया तो वहां पर मुखबिर के बताए हुलिए की अपाचे मोटर सायकिल पर एक व्यक्ति बड़ी-बड़ी दो केंने लटकाए हुए दिखाई दिया। जिसने पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा उसे घेराबंदी कर धर दबोच लिया गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम कल्याण सिंह पुत्र श्रीकिशन विश्वकर्मा निवासी ग्राम रामनगर थाना राघौगढ़ जिला गुना का होना बताया एवं जिसकी केंनो को चैक करने पर उनमें हाथ भट्टी की बनी कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई । आरोपी से बरामद कच्ची शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकिल को पुलिस ने विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरूद्ध जामनेर थाने में अप.क्र. 242/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचनापर ग्राम गोचा आमल्या में गोया नदी के पास से एक मोटर सायकिल पर प्लास्टिक के कट्टों में छिपाकर बड़-बड़ी दो केंनो में अवैध कच्ची शराब ले जाते हुए दो आरोपी रामलाल पुत्र भंवारलाल बंजारा एवं भोजराज पुत्र भंवरलाल बंजारा निवासीगण ग्राम जमुनई थाना मधुसूदनगढ़ जिला गुना को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से हाथ भट्टी की कुल 65 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर की हीरो एचएफ डीलक्स मोटर सायकिल जप्त की जाकर आरोपियों के विरूद्ध जामनेर थाने में अप.क्र. 243/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया । इन कार्रवाईयों में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाह, उपनिरीक्षक हेमेन्द्र सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक अवधेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक प्रवेंद्र सिंह भदौरिया, आरक्षक पंजाब सिंह गुर्जर, आरक्षक गजेन्द्र सिंह गुर्जर, आरक्षक गोपाल त्यागी, आरक्षक शिवकुमार निगम एवं आरक्षक सोबरन सिंह की सराहनीय भूमिका रही है ।

# मूर्ति विसर्जन कर लौट रहे युवकों से मारपीट

**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में गत शाम को बीस भुजी माता मंदिर के पास हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में अनिल भार्गव, वीरेन्द्र सिंह धाकड़ और रोहित मिश्रा शामिल हैं। फरियादी अनुज भार्गव ने थाने में बताया कि वे तथा उनके साथी माता का विसर्जन कर घर लौट रहे थे तभी देवेन्द्र अहिरवार, राजकुमार कुशवाह, अर्जुन लोधा और केशव ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पथराव और लात-घूसों से हमला कर दिया। वीरेन्द्र के सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहा, जबकि अनिल व रोहित की गर्दन पर खरोंच के निशान बने। घायलों ने तुरंत डायल-112 को सूचना दी; पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपित भाग चुके थे। फरियाद में आरोपियों ने जाते समय धमकी भी दी कि भविष्य में मिलेंगे तो जान से मार देंगे। घायल तीनों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# ज्वेलरी व्यवसायी ने दिया भोपाल में आत्मदाह की चेतावनी



नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर की दुकान को लेकर मालिक और किरायेदार में हुए विवाद का मामला अब तूल पकड़ गया है। जिसमें कोतवाली टीआई सीपीएस चौहान की कथित एकतरफा भूमिका को लेकर पहले व्यापारी लामबंद हुए अब स्वयं पीड़ित व्यापारी ने भी एसपी ऑफिस पहुंचकर प्रताडऩा के आरोप लगाते हुए आत्मदाह करने की चेतावनी दी। इस मौके पर व्यापारियों के साथ एसपी कायार्लय पहुंचे स्थानीय ज्वेलरी व्यवसायी देवकीनंदन सोनी ने कोतवाली थाना प्रभारी पर तीखे आरोप लगाए और सुनवाई न होने पर 6 अक्टूबर को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास के सामने परिवार सहित आत्मदाह करने की चेतावनी दे दी। देवकीनंदन के अनुसार 28 सितंबर को उन्हें कोतवाली बुलाया गया और कहा गया कि उनकी 25 साल पुरानी दुकान 24 घंटे में खाली करनी होगी। जब उन्होंने दुकान के अनुबंध और अन्य कानूनी दस्तावेज प्रस्तुत कर कानूनी प्रक्रिया के तहत सुनवाई की मांग की, तो थाना प्रभारी ने कथित रूप से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया और उन्हें कोतवाली से बाहर निकाल दिया। व्यापारी का दावा है कि यह पूरा घटनाक्रम कोतवाली में लगे सीसीटीवी कैमरों में दर्ज है। व्यापारी ने पहले भी मामले की शिकायत एसपी कार्यालय को लिखित रूप में दी थी, लेकिन उनके अनुसार प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस संबंध में विगत दिवस बड़ी संख्या में लामबंद व्यापारियों ने एसपी ऑफिस में जमकर टीआई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी। अब ज्ञापन देने वाले लोगों के खिलाफ उल्टे दबाव बनाए जा रहे हैं और कुछ लोगों को तलब कर उनके बयान लिए जा रहे हैं। साथ ही, उन्हें और उनके परिजनों को धमकियां मिलने की भी बात कही गई, जिससे उनका मानसिक संतुलन प्रभावित हो गया है। व्यापारी ने स्पष्ट कहा कि यदि 6 अक्टूबर तक इस मामले में निष्पक्ष और समुचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे अनिश्चित समय पर राज्य की सर्वोच्च न्यायिक व प्रशासनिक इमारत के समक्ष यह कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।

**कार्रवाई** — वाहन चेकिंग अभियान, ओवरलोड और नियम उल्लंघन करने वाली बसों पर कार्रवाई

# वाहन चेकिंग अभियान, ओवरलोड,नियम उल्लंघन करने वाली बसों पर कार्रवाई





नवभारत न्यूज

**गुना। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के दिशा-निर्देशन में शुक्रवार को को थाना प्रभारी यातायात अजय प्रताप सिंह और थानाप्रभारी कोतवाली सीपीएस चौहान के नेतृत्व में संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।**

अभियान गुना, बजरंगगढ़, आरोन मार्ग पर हड्डी मिल एवं उसके आसपास केंद्रित रहा, जहां नाकाबंदी लगाकर वाहनों की सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दर्जनों वाहन जांचे गए। अभियान में कई वाहन आधे-अधूरे दस्तावेजों के साथ पकड़े गए। कुछ ऑटो रिक्शा ओवरलोड पाए गए, जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई। कई बसों के चालक और परिचालक बिना निर्धारित यूनिफ़ॉर्म में पाए गए और उन्हें केंद्रीय मोटरयान नियम-1989 के तहत दंडित किया गया।

विशेष रूप से सिकरवार ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 39-6690 में कई गंभीर खामियां पाई गईं। फर्स्ट एड बॉक्स सही हालत में नहीं था, अग्निशमन यंत्र खराब स्थिति में मिला, चालक और परिचालक वर्दी में नहीं थे और आपातकालीन द्वार स्थाई रूप से बंद पाया गया, जबकि वहां यात्रियों के लिए सीटें लगी थीं। पुलिस ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले इसी कंपनी की एक बस इसी तरह की लापरवाही के कारण आरोन-गुना मार्ग पर हादसे का शिकार हुई थी, जिसमें 13 यात्रियों की जान चली गई थी।

इस प्रकार लापरवाहीपूर्वक यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन ऑपरेटर के खिलाफ बस को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना यातायात परिसर में खड़ा किया गया। अभियान के दौरान कुल 14 वाहनों पर 10,500 का जुर्माना लगाया गया और राजकीय कोष में जमा कराया गया। यातायात प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सड? हादसों पर अंकुश लगाना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी वाहन चालकों और मालिकों को चेतावनी दी कि यातायात नियमों का पालन करना न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि स्वयं की और यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है।

# आरोन में दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाएं

नवभारत न्यूज

**गुना । जिले के आरोन थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। पहले मामले में फरियादी कार्तिक रघुवंशी पुत्र महेन्द्र सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम करोंदा ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दोस्तों के साथ माता मंदिर दर्शन के लिए रिजोंदा रोड पर गया था।**

इस दौरान विशाल राजपूत निवासी आरोन एवं उसके तीन साथियों ने उन्हें रोककर गालियां दी और कुलदीप रघुवंशी पर डंडों से हमला कर दिया। कार्तिक ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उसे भी सिर में चोट लगी। कुलदीप की छाती और हाथ में भी चोटें आईं। घटना के दौरान कुछ स्थानीय लोग बीच-बचाव करने आए, लेकिन हमलावरों ने धमकी दी कि अगली बार मिलने पर जान से मार देंगे। घायल कुलदीप और कार्तिक को उपचार के लिए अस्पताल आरोन ले जाया गया। दूसरे मामले में फरियादी अजय खरे पुत्र बबलू खरे निवासी ग्राम खामखेडा ने पुलिस को बताया कि गत रात लगभग 9 बजे वह बिन्डल लेने के लिए राकेश चंदेल की किराने की दुकान गया।

राकेश ने गालियां दीं और उसके विरोध पर उसका भाई योगेश चंदेल ने थप्पड़ मारा। इसी दौरान राकेश भी मौके पर आया और छुरी से अजय पर हमला किया, जिससे दाहिने गाल और बाएं कंधे पर चोटें आईं। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# कुंभराज कृषि उपज मंडी समिति में भावंतर भुगतान योजना पर बैठक

नवभारत न्यूज

**कुम्भराज।** कृषि उपज मंडी समिति में भावंतर भुगतान योजना को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नायब तहसीलदार राजेंद्र श्रीवास्तव, मंडी सचिव प्रेम कुमार मीना, एसोसिएशन अध्यक्ष सौरभ कुन्नू जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित कासट एवं भारतीय किसान संघ अध्यक्ष सुरेश बाबू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों को भावंतर भुगतान से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि किसान की उपज मंडी डाक नीलामी के बाद व्यापारी के यहाँ तौल करने पर व्यापारी द्वारा किसान को उसका भुगतान ऑनलाइन माध्यम से सीधे खाते में करना अनिवार्य होगा। यदि भुगतान ऑनलाइन माध्यम से नहीं किया गया तो किसान भावंतर का लाभ नहीं ले पाएगा। इसके साथ ही किसान का पंजीकरण भी अनिवार्य होगा। बैठक में भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष ने यह मांग भी रखी कि यदि भावंतर का भुगतान नहीं किया जाता है तो किसान को प्रतिक्विंटल 5328 रुपये की दर से पूरा भुगतान किया जाए। उपस्थित अधिकारियों और व्यापारियों ने इस बात पर चर्चा की और भावंतर भुगतान योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को स्पष्ट करने पर जोर दिया।

# धरनावदा में विवाद के दौरान परिवार के साथ मारपीट

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद में मारपीट की घटना सामने आई है। फरियादी प्रकाश कुशवाह (35) ने अपनी बहनों और पिता के साथ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। फरियादी ने बताया कि शाम लगभग 6 बजे उनके घर पर तीनों बहनें शिवानी, अंजली और पूजा कुशवाह मिलने आई थीं। इसी दौरान बड़े भाई विजय उर्फ अरुण कुशवाह घर पर पहुंचा और माता-पिता तथा बहनों को गालियाँ देने लगा। जब बहनों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उन्होंने बहनों पर हाथ-पांव से हमला किया, जिससे उनके दोनों गालों में हल्की चोटें आईं। बीच बचाव में प्रकाश कुशवाह भी सामने आया, लेकिन बड़े भाई ने डंडे से हमला कर उनके सिर, दाहिने हाथ की कलाई और घुटने पर चोट पहुंचाई। प्रकाश कुशवाह ने इस संबंध में थाना धरनावदा में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने धारा 118(1), 115(2), 296 और 351(3) बीएनएस के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया है।